आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
3. केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक बार इस्तेमाल होने वाले चिकित्सा उपकरणों के दोबारा उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया।
4. विकसित भारत युवा नेता संवाद 2027 के तहत डिजाइन फॉर भारत 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने 1 जनवरी 2027 को मदतान की अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम शेड्यूल और दिशानिर्देशों की जानकारी दी। इस बैठक का उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पुनरीक्षण प्रक्रिया की पारदर्शिता, समन्वय और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रतिनिधियों को SSR के दौरान पालन किए जाने वाले शेड्यूल, प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने यह जानकारी दी कि आगामी अर्हता तिथियों – 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाताओं के लिए भी अग्रिम आवेदन की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि मतदान केंद्रों का युक्तीकरण, पुनर्गठन 2 नवम्बर को, एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवम्बर को और दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक तथा दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर तक जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन4 जनवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सूचित किया कि जिन पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे निर्धारित अवधि के दौरान नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। नाम शामिल करने के दावे और आपत्तियां तथा विवरणों में सुधार या संशोधन के आवेदन आवश्यकतानुसार फॉर्म 6, 7 और 8 में 11 दिसम्बर को या उससे पहले जमा किए जा सकते हैं। आवेदन और दावे मतदान केंद्रों पर बीएलओ के पास जमा किए जा सकते हैं, या ECI के मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। नागरिक सहायता के लिए टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उनतालीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए आइ ंआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में भी यह कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों में एक बार इस्तेमाल होने वाले चिकित्सा उपकरणों और डिस्पोजेबल सर्जिकल वस्तुओं के दोबारा इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय– डी जी एच एस ने एक पत्र में कहा है कि उन्हें कुछ निजी और कॉरपोरेट अस्पतालों में इन उपकरणों

और वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल किए जाने की जानकारी मिली है। यह समस्या विशेष रूप से हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी, कैंसर, हृदय और रक्त वाहिकाओं की सर्जरी तथा न्यूरोसर्जरी जैसी विशेषज्ञ सेवाओं में देखी गई है। डीजीएचएस ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, स्वास्थ्य सेवा निदेशकों, भारतीय औषधि महानियंत्रक और राज्य औषधि नियंत्रकों से अपने–अपने क्षेत्रों में इस निर्देश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और निगरानी बढ़ाने को कहा है।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2027 के तहत एक राष्ट्रीय युवा डिज़ाइन पहल, डिजाइन फॉर भारत 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। 18 से 29 वर्ष की आयु के भारतीय युवाओं के लिए खुली यह पहल युवा नवोन्मेषकों को विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप व्यावहारिक, समावेशी और ठोस डिज़ाइन समाधान तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करती है। 2027 के इस संस्करण में दो मुख्य श्रेणियां शामिल हैं डिजाइन फॉर भारत ओपन चैलेंज वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने वाले ठोस उत्पाद डिज़ाइन समाधानों पर केंद्रित और डिजाइन फॉर भारत ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट चैलेंज उत्कृष्ट उत्पाद डिज़ाइन थीसिस परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय मंच। प्रतिभागियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन, राष्ट्रीय मूल्यांकन और राष्ट्रीय मंच पर अपने कार्यों को प्रदर्शित करने के अवसरों का लाभ मिलेगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक युवा mybharat.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की प्रोफेसर और अंतर्राष्ट्रीय आउटरीच एवं समावेशिता की निदेशक तथा प्रमुख डॉ. सपना बंसल ने बी.कॉम. और एम.कॉम. के विद्यार्थियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने करियर विकास, कौशल संवर्धन, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. सपना बंसल ने स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी व्यक्तिगत शक्तियों और कमजोरियों की पहचान करने तथा अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने लिए उपलब्ध अवसरों के आधार पर सोच–समझकर करियर के विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जे एन आर एम की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और उन्हें भविष्य के करियर अवसरों के लिए तैयार करने में इस तरह की अकादमिक बातचीत को महत्वपूर्ण बताया।

<><><><><><><>

निर्मला वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज निर्मला एलुमनाई की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस नेक पहल को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन ने भी सक्रिय सहयोग एवं महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी के सामूहिक प्रयासों से शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर निर्मला एलुमनाई ने सभी रक्तदाताओं, विद्यालय प्रबंधन तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>